## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो थाना के बदले गए प्रभारी, एसपी अभिषेक मीणा जारी किए आदेश

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा प्रशासनिक आवश्यकता के दृष्टिकोण आज दिनांक 27.11.2022 को आदेश जारी कर दो थाना - पूंजीपथरा एवं छाल के लिए प्रभारियों का आदेश जारी किया गया है, जिसके अनुसार थाना प्रभारी छाल निरीक्षक जितेंद्र एसैया अब थाना प्रभारी पूंजीपथरा होंगे तथा थाना कोतवाली में पदस्थ उपनिरीक्षक बी.एस. डहरिया अब थाना छाल के नये थाना प्रभारी होंगे।

### जबरन घर में घुसकर की अधेड़ को पीटा

**रायपुर (आरएनएस)।** ईतवारी बाजार बीरगांव में पांच युवकों ने एक युवती के घर जबरन प्रवेश कर गाली-गलौज करते हुए अधेड़ से मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ईतवारी बाजार बीरगांव निवासी प्रार्थिया पूजा पटवार 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि मोहल्ले में ही रहने वाले आरोपी रावन, फत्ते, राहुल, चंद्रशेखर कुर्रे व अन्य ने जबरन घर में प्रवेश कर प्रार्थिया के पिता कामता प्रसाद पटवार से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 452, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग महिला व युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** रावाभाठा स्थित जय अंबे धर्मकांटा के पास ट्रक ने पैदल जा रही बुजुर्ग महिला व एक युवक को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रावाभाठा निवासी मृतिका दयावति बंजारे 72 वर्ष व घनश्याम यादव 40 वर्ष दोनों पैदल कहीं जा रहे थे तभी जय अंबे धर्मकांटा के पास ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 5969 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोडक़र फरार हो गया। मामले में पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक की पतासाजी कर रही है। वहीं दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अज्ञात चोर ने ऑफिस का ताला तोड़ा

**रायपुर (आरएनएस)।** तेलीबांधा स्थित एसआर कॉर्पोरेट कंटिजंसी प्राइवेट लिमिटेड का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने चोरी करने का प्रयास किया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मधुबन कालोनी अमलीडीह निवासी प्रार्थी सुभेन्द्र कुमार सतपति 44 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि 25-26 नवम्बर की दरम्यानी रात अज्ञात चोर ने उसके एसआर कॉर्पोरेट कंटिजंसी प्राइवेट लिमिटेड ऑफिस का ताला तोडक़र चोरी के नियत से अंदर घुसा और सामान को तोडक़र बिखरा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर अधेड़ को पीटा

**रायपुर (आरएनएस)।** लालपुर विधानसभा में दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते अधेड़ से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार लालपुर निवासी चंद्रकुमार साहू 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी परवेश कुमार व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने की कोशिश नाकाम, दो आरोपी गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के चुंगल से बालिका मुक्त कराया मुक्त
- मानव तस्करी के अपराध में आरोपियों को भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 26.11.2022 के दोपहर रेलवे स्टेशन रायगढ़ में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के स्टाफ पेट्रोलिंग व चेकिंग दौरान स्टेशन पर एक नाबालिग बालिका को डरे सहमे हालत में देखे। सुरक्षाकर्मी संदेह के आधार पर बालिका से पूछताछ किए, लड़की कुछ भी बता नहीं रही थी। उसी समय राजू सिंह नाम का व्यक्ति आया और बताया कि वह लड़की को दिल्ली लेकर जा रहा है। आरपीएफ स्टाफ को व्यक्ति पर संदेह हुआ जिसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लेकर गये। डरी सहमी बच्ची को विश्वास में लेकर पूछताछ करने पर बालिका जिला जशपुर की रहने वाली बताई और आगे बताई कि उसके घरवालों को जानकारी नहीं है कि उसे राजू सिंह दिल्ली लेकर जा रहा है। आरपीएफ स्टाफ को राजू सिंह केवल इतना ही बता रहा था कि लड़की को दिल्ली ले जा रहा है किस कारण से ले जा रहा है, यह बताने में आनाकानी करने लगा। रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक अखिल सिंह द्वारा मामला संदेहास्पद होने से थाना कोतवाली रायगढ़ में आवेदन दिया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा मानव तस्करी का अपराध दर्ज कर आरोपी राजू सिंह पर दर्ज कर उससे कड़ी पूछताछ किये तब राजू सिंह बताया कि बालिका को ग्राम लाखा निवासी सुशील वर्मा उर्फ करोड़पति के साथ मिलकर नाबालिक के परिजनों को बिना बताए बालिका को बहला-फुसलाकर बिक्री करने के उद्देश्य से दिल्ली लेकर जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में एसआई बी.एस. डहरिया व स्टाफ तत्काल आरोपी सुशील वर्मा उर्फ करोड़पति के ठिकानों पर दबिश दिये जिसे पूंजीपथरा क्षेत्र से हिरासत में लेकर थाना कोतवाली लाया गया। आरोपी राजू सिंह एवं आरोपी सुशील वर्मा उर्फ करोड़पति द्वारा बालिका को प्रलोभन तथा दबाव पूर्वक दुर्व्यापार के उद्देश्य से उसके पालकों के वैध संरक्षण से ले जाना पाए जाने से आरोपियों को धारा 370 आईपीसी, मानव तस्करी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है तथा बालिका के परिजनों से संपर्क कर रायगढ़ बुलाया गया। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया है, कल चाइल्ड लाइन से बालिका का काउसिलिंग कराया जावेगा।

## जिले के विभिन्न गौठानों में ट्रैक्टरों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोग कर रहे पैरादान



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** शासन की बहुआयामी गोधन न्याय योजना के तहत आज जिले के विभिन्न गाँवों में स्थित गौठानों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पैरादान किया गया। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में किसानों द्वारा खरीफ की फसल के बाद रबी की फसल के लिए पराली (पैरा) को जलाने से पर्यावरण एवं भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंचता है। इसी कड़ी में सारंगढ़ के टिमरलगा, घठोरा और भादिसर ग्राम पंचायत के गौठानों में किसानों और समूह के सदस्यों की पहल से बड़ी संख्या में किसानों ने अपने ट्रैक्टरों की सहायता से गौठानों में पैरादान किया। धीरे-धीरे अब पैरादान करने वाले किसानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों से पैरा दान करने की अपील प्रदेश के किसानों से कर रहे हैं। वे लगातार पैरादान के फायदे गिनाते हुए किसानों से गौठानों में पैरादान करने की अपील करते आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने किसानों से यह भी कहा है कि फसल कटाई के बाद पैरा न जलाएं। पैरादान करने से एक बड़ा लाभ यह भी है कि इससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और मवेशियों के लिए उचित मात्रा में चारे की व्यवस्था भी होगी।

## तरकेला स्थित पावरग्रिड के स्टोर रूम से मशीन चोरी करने वाले दो आरोपियों को जूटमिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

- आरोपियों से दो हिल्टी मशीन जब्त, जूटमिल पुलिस की कार्यवाई में गए जेल



**रायगढ़।** साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल के नेतृत्व में दिनांक 26.11.2022 को जूटमिल पुलिस द्वारा ग्राम तरकेला स्थित पावरग्रिड के स्टोर रूम से हिल्टी मशीन की चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों से 2 नग हिल्टी मशीन की जप्ती कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार 15 नवंबर को पुलिस चौकी जूटमिल में इंजीनियर रानाजीत जाना, बेनीकुंज कलोनी चौकी जूटमिल रायगढ़ आवेदन देकर पावरग्रिड तरकेला के स्टोर रूम से सामानों के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। रिपोर्टकर्ता बताया कि पावरग्रिड में सिविल कार्य का ठेका लिया है। वर्ष 2017 से कंपनी का काम पावरग्रिड में चल रहा है तथा वर्ष 2020 से पावर ग्रिड तरकेला में इंजीनियर के पर पद कार्यरत है। दिनांक 07.11.2022 की रात्रि अज्ञात चोर पावरग्रिड बांउड्री दिवाल को फांद कर स्टोर रूम के पीछे टिना के सीट को काटकर स्टोर रूम में घुसकर रूम में रखे हिल्टी मशीन 02 नग एवं सरिया कटर मशीन 02 नग को चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी पर नकबजनी (धारा 457, 380 आईपीसी) का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी।

दिनांक 26.11.2022 को चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल को मुखबिर से चोरी में संदेही रितेंद्र सारथी और सुनील सारथी के होने की सूचना दिया। सूचना पर जूटमिल पुलिस द्वारा दोनों को तस्दीकी के लिए हिरासत में लिया गया। दोनों से अलग-अलग पूछताछ करने पर बताये कि दोनों 07-08/112022 की रात्रि पावरग्रिड से 2 नग हिल्टी मशीन चोरी कर 1-1 अपने घर में छुपा रखा रखें हैं। आरोपियों की निशानदेही पर 2 नग हिल्टी मशीन जुमला रु.50,000 का जप्त कर। आरोपी – (1) रितेंद्र उर्फ हदरू सारथी पिता जीवन सारथी उम्र 22 साल निवासी ओ ब्लॉक बजरंगपारा निगम कॉलोनी चौकी जूटमिल (2) सुनील उर्फ चद्दर सारथी पिता रामलाल सारथी उम्र 29 साल निवासी बी ब्लॉक बजरंगपारा निगम कॉलोनी चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़ को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चौकी प्रभारी जूटमिल एसआई कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में माल मुल्जिम पतासाजी में एएसआई विजय गोपाल और हेड कांसटेबल दिलदार कुरैशी की प्रमुख भूमिका रही है।

## एनएसएस कैंप में छात्रों को दी गई साइबर अपराधों की जानकारी

- जूटमिल के भाठनपाली और खरसिया के मदनपुर में पुलिस चौपाल लगाकर किया लोगों को जागरूक



रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा द्वारा क्राइम मीटिंग में सभी प्रभारियों को उनके क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहवासियों को अपराधों के प्रति जागरूक करने निर्देशित किया गया है , जिसका प्रभारियों द्वारा पालन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल शाम कोतरारोड़ थानाक्षेत्र के ग्राम पंझर में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा विद्यार्थियों को सविधान दिवस के विषय में संक्षिप्त जानकारी देकर संविधान द्वारा छात्रों को प्रदत्त अधिकारों के संबंध में जानकारी दिया गया तथा जागरूकता के क्रम में विद्यार्थियों को विविध अपराधों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को थाना प्रभारी द्वारा दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, छेड़छाड़ और बच्चों के ऊपर होने वाली लैंगिक अपराध, बाल अधिकार, बाल मजदूरी और मानव तस्करी के बारे में विस्तृत चर्चा कर नाबलिगों को कानून द्वारा प्रदत्त उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दिया गया तथा सायबर अपराध ऑनलाइन ठगी, एटीएम ठगी, चिटफंड कंपनी द्वारा ठगी के बारे में जानकारी देकर इससे बचने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण के साथ थाना कोतरारोड़ के आरक्षक तरूण महिलाने, टिकेश्वर यादव और सुरेन्द्र भगत मौजूद रहे।

वहीं कल जूटमिल के भाठनपाली और खरसिया के मदनपुर में "पुलिस जन चौपाल" लगाकर रहवासियों को जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने चौपाल में लोगों को मोबाइल और इंटरनेट के इस्तेमाल के दौरान सावधानियां बरतने कहा गया और साइबर खतरों की जानकारी दिये। उन्हें बताया गया कि अनजान नंबर या अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिंक अथवा ओटीपी शेयर न करें। जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। प्रवासियों को सचेत किया गया कि गांव में रकम दोगुना करने की बात करने वालों, फेरी वालों व अजनबी व्यक्तियों जो सोना चांदी साफ करने के झांसा देकर ठगी करते हैं उनसे सावधान रहे और ऐसे व्यक्तियों की सूचना तत्काल डायल 112 अथवा थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर में देवें , चौपाल में रहवासियों की समस्याएं भी सुनी गई तथा छोटे-मोटे विवाद को गांव में ही बगैर विवाद सुलझाने कहा गया।

## दर्दनाक सड़क हादसे में आरक्षक और पत्नी की मौत

- शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे ड्यूटी



**रायपुर/धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों जैसे-जैसे ठंड बढ़ रही है सडक़ हादसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ज्यादातर सडक़ हादसे रात्रि के समय हो रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। कुछ ऐसे ही एक सडक़ हादसे की खबर प्रकाश में आई है। सडक़ हादसे में आरक्षक और उसकी पत्नी की मौत हो गई। मृतक आरक्षक धमतरी के केरेगांव थाना में पदस्थ था। आरक्षक अपनी पत्नी के साथ बिलासपुर से धमतरी लौट रहा था। जानकारी के मुताबिक, थाना केरेगाव में पदस्थ आरक्षक 432 विजय राजपूत 26 नवम्बर को एक दिन की छुट्टी लेकर अपने परिवार के साथ कार से शादी समारोह में सम्मिलित होने बिलासपुर गया था। बिलासपुर से वापस आते समय अभनपुर निमोरा के पास रायपुर रोड में पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में मौके पर ही कांस्टेबल की पत्नी की मौत हो गई। वहीँ आरक्षक विजय राजपूत के दोनों पैर एवम शरीर में गंभीर चोट लगने के कारण मसीह अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान आरक्षक विजय राजपूत की मौत हो गई। इधर इस घटना के बाद परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है।

## छत्तीसगढ़ के कई शहरों में कड़ाके की ठंड, पांच डिग्री तक गिरा पारा



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रायपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों में लगातार पारा गिर रहा है जिसके चलते कई शहर शीतलहर की चपेट में आ गए है। छत्तीसगढ़ में आज सबसे कम तापमान कवर्धा में दर्ज किया गया। यहां पारा 6.6 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं मध्यप्रदेश में भी ?ठंड ने जनजीवन को प्रभावित किया है। यहां सबसे कम 6.9? न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।

बीते 24 घंटे में राज्य के कई शहर शीतलहर की चपेट में आ गए हैं। जिससे मौसम विभाग ने शीतलहर की चेतावनी दी है। मध्यप्रदेश में दिन और रात का तापमान में गिरावट होने से पूर्वी हिस्से के कई जिले में शीतलहर जैसे हालात बनें हुए हैं। जबलपुर छतरपुर बालाघाट में मौसम विभाग ने मे शीतलहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

**ग्रामीण इलाकों में भी अधिक ठंड:-** वहीं शहरों में ग्रामीण इलाकों की तुलना में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी में आज सुबह का पारा 10 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। जबकि ग्रामीण इलाकों में पारा 8 डिग्री के करीब है। इधर दुर्ग बिलासपुर में रिकॉर्ड 5 डिग्री तक पारा लुढक़ा है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में पारा में और गिरावट हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 16.73 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

- राज्य सरकार ने 01 करोड़ 10 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का रखा लक्ष्य



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला लगातार जारी है. छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो चुका है. राज्य सरकार द्वारा 25 नवंबर तक किसानों से 16 लाख 73 हजार 370 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है. इसके एवज में किसानों को 34 करोड़ 81 लाख 65 हजार रुपए का भुगतान भी बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है. धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत ना हो, इसको लेकर पूरी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. सभी धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं।

खाद्य सचिव टीके वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.23 लाख नये किसान हैं. राज्य में धान खरीदी के लिए 2568 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं. सामान्य धान 2040 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान 2060 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है. राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है. उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जा रहा है. आज की स्थिति में 11.53 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है. जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 7.23 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

राज्य में 25 नवंबर तक 38,461 किसानों से 1 लाख 42 हजार 664 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई. इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 31,127 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई. आगामी दिनों की धान खरीदी के लिए 51,568 टोकन और टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 11,144 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

गौरतलब है कि इस साल छत्तीसगढ़ सरकार ने 01 करोड़ 10 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480